# University in News on 11 January 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 6

### स्पोर्ट्स : वॉलीबॉल में राजभवन की टीम ने दी लविवि को मात

लखनऊ। राजभवन के वॉलीबॉल ग्राउंड में रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और राजभवन के बीच वॉलीबॉल मैच हुआ, जिसमें राजभवन की टीम 3-0 से विजेता रही। प्रतियोगिता राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के दिशा निर्देश से सम्पन्न हुआ। राजभवन खेल प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं मुख्य मार्गदर्शक ओएसडी अशोक देसाई, राजभवन खेल प्रतियोगिता के सचिव सीएसओ अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में राजभवन की टीम मैदान में उतरी। टीम मैनेजर पीएसओ जमाल सिद्दीकी एवं कप्तान प्रभाकर पांडेय थे। इसके अतिरिक्त टीम में अरविंद कुमार यादव, पप्पू कुमार, अब्दुल हक, पवन कुमार श्रीवास्तव, त्रिलोक सिंह, राजेश कुमार तृतीय, अरविंद चौहान, अरविंद तिवारी और अनिल कुमार शर्मा थे। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय टीम की मैनेजर शिक्षा शास्त्र एवं विज्ञान संकाय की डीन प्रो. तृप्ता त्रिवेदी एवं कप्तान कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह थे। इसके अतिरिक्त टीम में डॉ. ध्रुवसेन सिंह, डॉ. नागेन्द्र मौर्या, डॉ. करुणा शंकर कनौजिया, डॉ. अवधेश शुक्ला, अभिज्ञान ऐश्वर्य मिश्रा, राकेश चंद्र राय, आदित्य प्रताप यादव, हिमांशु सिंह, शेर बहादुर थापा एव रणधीर सिंह थे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय थे।

## i-NEXT PAGE 5

### यूजी स्टूडेंट्स को भी करनी होगी इंटर्नशिप

**एलयू में ट्रेनिंग के बाद ही स्टूडेंट्स को दी जाएगी डिग्री**

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (10 Jan):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के अंदर ग्रेजुएट कोर्स में अब स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप और ट्रेनिंग करनी होगी. यूनीवर्सिटी नए सेशन से इसे अनिवार्य करने की तैयारी कर रही है. नई शिक्षा नीति के अंतर्गत एलयू और संबद्ध कॉलेजों के यूजी स्टूडेंट्स को संबंधित विषय में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग करनी होगी. ट्रेनिंग के बाद ही स्टूडेंट्स को डिग्री दी जाएगी.

**20 फीसद प्लेसमेंट का लक्ष्य**

अब हर डिपार्टमेंट को अपने स्टूडेंट्स के प्लेसमेंट पर भी फोकस करना होगा. सभी विभागों को कम से कम 20 फीसद प्लेसमेंट का लक्ष्य लेकर चलना होगा. जिससे यूनिवर्सिटी की गुणवत्ता बढ़ेगी.

**एक से तीन माह की ट्रेनिंग**

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत यूजी के स्टूडेंट्स को एक से तीन माह की ट्रेनिंग अलग-अलग संस्थानों में कराई जाएगी. इससे स्टूडेंट्स को आगे जॉब में असानी होगी. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अब यूजी, पीजी और पीएचडी में भी ट्रेनिंग करवाई जाएगी.

### राजभवन टीम ने जीता वॉलीबॉल मैच

**LUCKNOW (10 Jan, inext):** राजभवन परिसर के वॉलीबॉल ग्राउंड में एलयू की वॉलीबॉल टीम और राजभवन की बॉलीबॉल टीम के बीच मुकाबला हुआ. जिसमें राजभवन की टीम 3-0 से विजेता हुई. राजभवन खेल प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं मुख्य मार्गदर्शक ओएसडी अशोक देसाई, राजभवन खेल प्रतियोगिता के सचिव सीएसओ अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में राजभवन की टीम मैदान पर उतरी.

## PIONEER PAGE 3

### बालीबाल में राजभवन की टीम ने एलयू को हराया

लखनऊ। राजभवन परिसर के वालीबाल ग्राउंड में रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की वालीबॉल टीम और राजभवन की बालीबाल टीम के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें राजभवन की टीम 3-0 से विजेता हुई। यह प्रतियोगिता राज्यपाल एव कुलाधिपति आंनदीबेन पटेल के दिशा निर्देश से सम्पन्न हुई। राजभवन खेल प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं मुख्य मार्गदर्शक ओएसडी अशोक देसाई, राजभवन खेल प्रतियोगिता के सचिव आईएसओ अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में राजभवन की टीम ने खेला। राजभवन बालीबाल टीम के मैनेजर पीएसओ जमाल सिद्दीकी एवम कप्तान प्रभाकर पांडेय थे। लखनऊ विश्वविद्यालय वॉलीबाल टीम की मैनेजर शिक्षा शास्त्र एव विज्ञान संकाय की डीन प्रो तृप्ता त्रिवेदी एव कप्तान कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह थे। इस खेल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय थे।

## JAGRAN CITY PAGE IV

### राजभवन टीम ने 3-0 से जीता वॉलीबॉल मैच

लखनऊ : राजभवन परिसर के वॉलीबॉल ग्राउंड में लखनऊ विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल टीम और राजभवन की बॉलीबॉल टीम के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें राजभवन की टीम 3-0 से विजेता हुई। राजभवन खेल प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं मुख्य मार्गदर्शक ओएसडी अशोक देसाई, राजभवन खेल प्रतियोगिता के सचिव सीएसओ अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में राजभवन की टीम मैदान पर उतरी। लखनऊ विश्वविद्यालय वॉलीबाल टीम की मैनेजर शिक्षा शास्त्र एवं विज्ञान संकाय की डीन प्रो. तृप्ता त्रिवेदी एवं कप्तान कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह रहे। खेल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय थे। (जासं)